राज्यपाल सचिवालय
राजभवन , जयपुर

जोधपुर में चार बच्चों की डूबने से मृत्यु पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 10 मई । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जोधपुर के काली बेरी खनन क्षेत्र में जलभराव में नहाते समय डूबने से 4 बच्चों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करने और उनके माता–पिता तथा परिजनों को उनके बिछोह का दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

———

राज्यपाल ने कहा, पंडित शिवकुमार का निधन संगीत के एक युग का अवसान

राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 10 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सुप्रसिद्ध सन्तूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा के निधन को भारतीय शास्त्रीय संगीत के एक युग का अवसान बताते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि पंडित शिव कुमार सन्तूर के पर्याय थे। कश्मीर घाटी की प्रकृति धुनों को सन्तूर में जीवंत करते उन्होंने माधुर्य का इतिहास रचा। उन्होंने ईश्वर से पंडित जी की दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करते उनके परिजनों और प्रसंशकों को यह भारी दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

————